# रफ्तार और नशा बन रहा काल,सड़क हो रही लाल!

## गोण्डा लखनऊ राज मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है

**कौशल पाण्डेय**

**गोण्डा ।** रफ्तार और नशा काल बन रहा है।जिससे सड़क लाल हो रही है।लोगों का परिवार तबाह हो रहा है।परंतु रफ्तार के कहर और नशे के जहर पर रोक लगा पाने में प्रसाशन फिसडडी साबित हो रहा है।नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटनायें बढ़ती जा रही है।लोग असमय रफ्तार और नशे के चक्कर में अपनी जिन्दगी गंवा रहे है। गोण्डा लखनऊ राज मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है।जिससे प्रभावित परिवारों को अपने स्नेहीजनों के लिए जीवन भर रोने को विवश होना पड़ रहा है।





जबसे गोण्डा लखनऊ राजमार्ग फोरलेन सड़क बनी है।तबसे हर रोज नया सड़क हादसा हो रहा है।लोग अपने स्नेहीजनों को खो रहे हैं।जिनके परिवार जीवन पर्यंत रोने को विवश हैं।जो अपने परिवारों के खोने का गम आजीवन नहीं भुला पा रहे हैं। चौपाल सागर के पास कोतवाली नगर की एससीपीएम पुलिस चौकी के कल हुये सड़क हादसे में कार सवार गन्ना लदी ट्राली से टकरा गये। जिसमें दो युवा बच्चों जिसमें अनुपम पाठक,और बिन्देश यादव की असमय दर्दनाक मौत कार में जिन्दा जलकर हो गयी।जबकि तीसरा कार सवार सूरज पाठक जलकर जीवन के लिए अस्पताल में संघर्ष कर रहा है।ऐसी तमाम घटनाये घटित हुयी हैं।जिन्हें लोग भूल नहीं पा रहे हैं।इसी तरह देवानंद उर्फ चुनमुन तिवारी जो परसा गोण्डरी से बीडीसी सदस्य थे।असमय सड़क हादसे में हुई मौत ने सबको झकझोर दिया।अन्य सड़क हादसे में लोग अपने स्नेहीजनों को गँवा रहे है।सड़क दुर्घटनाओ से सड़क लाल हो रही है।तेज रफ्तार का कहर लोगों की जीवन लीला पर चोट कर रहा है।कोई जरूरी नहीं जिनकी सड़क हादसे जीवन लीला समाप्त हो रही है वे ही नशे में लिप्त रहे हो।

सामने वाला जो सड़क हादसा कारित कर रहा है।उसे भला कौन रोके।रफ्तार का कहर और नशे का जहर लोगों की जीवनलीला डकार रहा है।जिस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सड़क दुर्घटनाओ में इजाफा के चलते मोटर एक्सीडेंट ट्रीब्यूनल गोण्डा में क्लेम के वादों की बाढ़ सी आ गयी है।

## गोंडा सीएमओ कार्यालय का बाबू निलंबित

**गोंडा।** सीएमओ कार्यालय के बाबू को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की सख्ती के बाद निलंबित कर दिया गया है। जिसका आदेश जारी कर दिया गया है। गोंडा सीएमओ कार्यालय में एंटी करप्शन टीम ने वरिष्ठ लिपिक धर्मेश कुमार राय को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन टीम ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने को मांगी 5000 रिश्वत लेते हुए पकड़ा। उसके बाद आरोपी धर्मेश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप हैं कि आजमगढ़ निवासी वरिष्ठ सहायक धर्मेश राय घूस न मिलने के चलते पीड़ित को परेशान कर रहे थे। शिकायत के बाद पुलिस व एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रकरण का संज्ञान लिया और दोषी वरिष्ठ लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि विभाग एवं सरकार की छवि धूमिल करने वाले किसी भी स्वास्थ्य कर्मी को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी ईमानदारी और निष्ठा से काम करें। इसमें किसी भी तरह लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चमरूपुर से पुरैना कानूनगो मार्ग बदहाली का शिकार, राहगीरों को झेलना पड़ सकता है दंश



**उतरौला (बलरामपुर)/आलोक गुप्ता :** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार गड्ढा मुक्त सड़क का आश्वासन दिए जाने के बावजूद आज भी चमरूपुर से पुरैना कानूनगो मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है जिसका दंश आने जाने वाले राहगीरों को झेलना पड़ रहा है। बताते चले की लोक निर्माण विभाग द्वारा एक वर्ष पूर्व चमरूपुर जगदेवा पुरैना वाजिद मार्ग का मूल्यांकन कराके मरम्मत पूरा कराने के लिखित आश्वासन के बाद भी मार्ग का मरम्मत नहीं कराया गया। जिससे इस मार्ग की दशा और जर्जर हो चुकी है। बीते 11 वर्ष में इस मार्ग का मरम्मत नहीं कराया गया है । जिससे इस क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को दुश्वारी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में गड्ढे व उजड़ी गिट्टियां लोक निर्माण विभाग के लापरवाही को बयां कर रही है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों को दैनिक ज़रूरतें पूरी करने के लिए इसी मार्ग से होकर महदेइया बाजार, चमरूपुर बाजार व तहसील मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। ग्रामीण शाहिद महमूद ने बताया कि पिछले 2 वर्ष में इस मार्ग के मरम्मत के लिए आइजीआरएस तहसील दिवस व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई गई लेकिन नतीजा कुछ नहीं । शिकायत के बाद बीते वर्ष 17 फरवरी को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा मुझे लिखित सूचना उपलब्ध कराई गई थी कि इस मार्ग के मरम्मत कार्य का मूल्यांकन कराया जा रहा है । शीघ्र ही मरम्मत कर दिया जाएगा । लेकिन साल भर बीतने के बाद भी इस मार्ग का मरम्मत न होना विभाग के अधिकारियों के उदासीनता को बयां कर रहा है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी सड़क मार्ग जर्जर ना रहे , लेकिन इस मार्ग को लेकर लोग निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी के निर्देश को भी दरकिनार कर दिया है ?। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को सड़क जर्जर होने के कारण आए दिन चोटहिल होना पड़ रहा है। साथ ही गर्भवती व बीमार ग्रामीणों को अस्पताल पहुंचाने के लिए मशक्कत करना पड़ता है। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि इस सड़क मार्ग के मरम्मत के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी के निधन से सपाइयों में शोक की लहर



**उतरौला (बलरामपुर)/आलोक गुप्ता :** उत्तराखंड, मिजोरम व उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल व वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी के निधन होने से सपाइयों में शोक की लहर छा गई है। विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक ने कहा पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी ने हमेशा गरीबों, पिछड़ो, अल्पसंख्यकों के हित में कार्य करते रहे उनके निधन से समाज व राजनीतिक क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है । समाजवादी पार्टी नेता डॉ एहसान खान ने कहा पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी से उनके व्यक्तिगत संबंध थे अजीज कुरैशी हमेशा उन्हें अपने पुत्र के जैसा मानते थे उनके निधन से बेहद दुखद है। विधायकआरिफ अनवर हाशमी, प्रदेश सचिव शत्रोहन प्रसाद वर्मा, अंसार अहमद खां, विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बहलोल नियाजी, जिला उपाध्यक्ष राम दयाल यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी युवजनसभा सदस्य राकेश यादव, मोनू ख़ान, मोहम्मद असलम बब्बू, अवकाश अनस, मारूफ हाशमी, कृष्ण कुमार यादव, सुरेश यादव,नरसिंह पाल यादव,मोहम्मद हनीफ खां, अयाज मुस्तफा, बीरे, मोहम्मद शमीम खां, शकील, इजहार खां पप्पू, नूरुल्लाह खां मुन्ना, सहित अन्य सपाईयों ने पूर्व राज्यपाल व कांग्रेस नेता अजीज कुरैशी निधन पर गहरा दुख प्रकट किया।

### एसपी ने लोक सभा चुनाव में पैरा मिलिट्री फोर्स के ठहरने की व्यवस्था देखा

**गोण्डा ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद में शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत उपस्थित रहने वाले पैरा मिलिट्री फोर्स के रुकने,ठहरने के लिए किए जा रहे प्रबंधों का पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल द्वारा लिया गया जायजा, संबंधित को दिए गए आवश्यक निर्देश दिया। जिले में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी शुरू हो गयी है। जिसको भय मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स के ठहरने का जायजा पुलिस अधीक्षक द्वारा लिया जा रहा है।इसी क्रम पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल ने पैरा मिलिट्रीफोर्स के ठहरने का जायजा लिया और बेहतर प्रबन्धन हेतु मौका मुआयना किया।जिनके साथ उपस्थित होकर भारी तादाद में लोग मौजूद लोगों ने सुझाव दिया।जिनके साथ सम्बंधित थानों के पुलिस बल के अलावा जिले के आला अफसर भी मौजूद रहे।अब लोक सभा चुनाव के बारे में तैयारियां शुरू हो गयी है।जिला और पुलिस प्रशासन भय मुक्त लोक सभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए जुट गया है।जिसके क्रम में स्थलीय समीक्षा का दौर जारी है।इसी क्रम पुलिस अधीक्षक ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स के ठहरने की व्यवस्था देखा।जिनके साथ नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह मय फोर्स मौजूद रहे।

### कोतवाली नगर पुलिस ने विद्युत तार चोरी के वांछित को धरदबोचा



**गोण्डा ।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 797/23, धारा 41,411,413 भादवि व 05 उ0प्र0 बिजली के तार व ट्रांसफार्मर चोरी निवारण अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शोएब पुत्र कमाल नि0 बसीरनगर थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को फुरकानिया मस्जिद से मेवातियान वाले रास्ते से दबोचा। घटना का संक्षिप्त विवरण-मुताबिक थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी के 161 किलो विद्युत केबिल व 01 अदद बुलेरो के साथ अभियुक्त अशरफ व असलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया गया था। जिसमें उक्त अभियुक्त वांछित चल रहा था जिसे आज दिनांक 28.02.2024 को थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा फुरकानिया मस्जिद से मेवातियान जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## श्रीराम जानकी प्रतिष्ठा दिवस समारोह में संत सम्मेलन का हुआ आयोजन

### भारत में जनसंख्या विस्फोट पर नियंत्रण आवश्यक : कमलनयन शास्त्री

❖ श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में कमलनयन शास्त्री जी की अध्यक्षता सम्पन्न

**टी.बी. लाल**

**बलरामपुर।** हनुमानगढ़ी मंदिर वीर विनय चौराहे पर 22 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा वृन्दावन कथा वाचक रोहित शास्त्री के मधुर वाणी से प्रत्येक सायंकाल आयोजन के साथ 29 फरवरी को संत सम्मेलन आयोजित किया गया। संत सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी, हनुमानगढ़ी मंदिर के महंन्थ कमलनयन शास्त्री ने कहा कि देश के अन्दर जनसंख्या विस्फोट चिन्ता जनक है ।पहले भी संख्या आधार पर विभाजन की विभीषिका भारत झेल चुकी है अगर जागरुकता का अभाव रहा तो




वो दिन दूर नहीं जब फिर भारत में हिस्सेदारी की मांग उठेगी।

राम मंदिर अपने भव्य दिव्य स्वरूप में स्थापित हुआ। कृष्ण जन्मभूमि भी अपने भव्य दिव्य स्वरुप को प्राप्त करेगा। कालान्तर में भगवान विश्वनाथ की प्रतिष्ठा भी तदनुरूप होगी। सीमाओं पर राष्ट्र विरोधी शक्तियों की गतिविधियां चिंताजनक है। सामाजिक और राजनीतिक एवं प्रशासनिक सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महेन्द्र दास के संयोजन में अयोध्या हनुमानगढ़ी गौरी शंकर दास,दाडिया मंदिर गिरीश दास, गुप्तार घाट विमल कृष्ण दास, लक्ष्मण किलाधीश, मानिस दास, भगवान दास,अंजनी शरण, विरेन्द्र दास, शरद शर्मा मीडिया प्रभारी विहिप,दीपक शास्त्री, मुन्ना शास्त्री, विशाल शास्त्री ने विचार व्यक्त किया।

## अगले दो दिनों में बदलेगा यूपी का मौसम, अलर्ट जारी

**तेजयुग न्यूज**

**लखनऊ :** पश्चिमी विक्षोभ का असर शुक्रवार को दोपहर बाद से प्रदेश के कई इलाकों पर दिखाई देने लगा। मौसम विभाग के मुताबिक, अलीगढ़, मथुरा व आगरा में बारिश से मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शनिवार और रविवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम में बदलाव का असर दिख सकता है। प्रदेश के कई इलाकों में बिजली गिरने और 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार हैं। आगरा व आसपास ओलावृष्टि भी हो सकती है। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, जालौन, हमीरपुर, महोबा व आसपास इलाकों में ओले पड़ सकते हैं। बांदा चित्रकूट, फतेहपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कासगंज व आसपास के इलाकों में भी ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

## हत्याकर शव छुपाने के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा, जुर्माना

**टी.बी. लाल**

**गोण्डा ।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के निर्देशन व पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कनविक्शन' जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा प्राथमिकता से करते हुए प्रभावी पैरवी करायी जा रही थी। जिसके फलस्वरूप हत्या कर शव को छुपाने के 02 आरोपी अभियुक्तों को आजीवन कारावास व रु0 25,000-25,000/- के अर्थदण्ड की सजा कराने में सफलता प्राप्त हुई।

थाना को0 देहात पुलिस ने हत्या कर शव को छुपाने के आरोप में 02 आरोपी अभियुक्तों-01. बलराम वर्मा, 02. मीना देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार



सिंह, मॉनिटरिंग सेल व थाना को0 देहात के पैरोकार के द्वारा निरंतर की गई सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप उक्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष-01 गोण्डा कोर्ट ने आजीवन कारावास व रू 25,000-25,000/- के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## कोतवाली नगर पुलिस ने नशीली गोलियों के साथ व्यक्ति को दबोचा

**टी.बी. लाल**

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना को. नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त राजा बाबू उर्फ अनीश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 अदद नशीली गोलियां बरामद किया गया।



घटना का संक्षिप्त विवरण मुताबिक

आज दिनांक 01.03.2024 को थाना को. नगर के उ.नि. बृजेश कुमार गुप्ता मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गुलाब शाह तकिया कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 व्यक्ति खड़ा है प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा बताये गए स्थान पर घेराबन्दी कर अभियुक्त राजा बाबू उर्फ अनीश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 अदद नशीली गोलियां बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को. नगर में गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## भाजपा के पूर्व विधायक की मौजूदगी में पटेल समाज के 325 लोग सपा छोड़ भाजपा में शामिल

**टी.बी. लाल**

**पचपेडवा(बलरामपुर)/रईस अहमद :** सरदार पटेल प्रतिनिधि सभा पचपेडवा बलरामपुर के बैनर तले कुर्मी समाज से जुड़े गणमान्य लोगो ने सपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

विधानसभा गैंसडी के पचपेडवा क्षेत्र के ढुड़वलिया ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सरदार पटेल प्रतिनिधि सभा बैनर तले अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में 325 पटेल समाज के गणमान्य लोग भारतीय जनता पार्टी में आस्था व्यक्त किया। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने सभी लोगो की पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई ।इस




अवसर पर विशिष्ट अतिथि साधू वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अम्बेडकर उपस्थित रहे। शैलेश कुमार सिंह शैलू ने सभी लोगो को सदस्यता ग्रहण कराते हुए कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को देश व प्रदेश छू रहा है। शैलू ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सीधा एवं सरल होता है,किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीडन नही होगा कार्यकर्ताओं का मान सम्मान एवं मर्यादा की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए हम 24 घंटा उनके सेवा में समर्पित है। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र चौधरी, विजेंद्र चौधरी,शिव प्रसाद चौधरी, आषुतोष चौधरी,दीपक चौधरी, संजय चौधरी के नेतृत्व में रिंकू चौधरी,वीरेश चौधरी, संतोष चौधरी,वृज किशोरी चौधरी, सोनू चौधरी, विजेंद्र चौधरी, सूर्य मणि चौधरी,अमर चौधरी, समेत 325 कुर्मी समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला मंत्री राम दीन वर्मा,जिला उपाध्यक्ष दयाराम प्रजापति,मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, प्रेम वर्मा, ब्लाक प्रमुख गैसड़ी जगदम्बा सिंह शक्ति,पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला जायसवाल, रवि वर्मा चेयरमैन पचपेडवा,मदन लाल जायसवाल, श्यामू चौधरी युवा मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, समेत दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**श्रावस्ती लोक सभा चुनाव 2024**

# श्रावस्ती लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने रोड़ा ही रोड़ा

## जुम्मा जुम्मा कुछ दिन पहले पार्टी ज्वाइन करने वाले संभावित प्रत्याशी पैदा कर सकते है भाजपा के लिए संकट, सपा और भाजपा में से कोई एक ही पार्टी ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेगी

**टी.बी, लाल**

**बलरामपुर :** बलरामपुर और श्रावस्ती जनपद मिलकर गठित श्रावस्ती लोकसभा में 2024 का चुनाव भाजपा के लिए बहुत आसान नहीं होगा।,इस लोकसभा में जातिगत आधार पर होने वाले चुनाव में सभी पार्टियां जातीय आधार पर वोट बटोरने और जिताऊ प्रत्याशी पर दांव लगाती रही है। इस चुनाव में बसपा के राम शिरोमणि वर्मा सांसद निर्वाचित हुए थे।

चुनाव में पिछडे वोटों के अलावा दद्दन मिश्रा से नाराज लोगों ने भी राम शिरोमणि को वोट दिया था। 2024 का चुनाव 2019 के चुनाव से कुछ हटकर होगा।इसका कारण सपा कांग्रेस एलायंस में सपा




प्रत्याशी का होना है।सपा से पूर्वांचल के बाहुबली पंडित हरि शंकर तिवारी के पुत्र कुशल तिवारी के सपा से उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलों के बाद ब्राह्मणों के एक बड़े खेमे का झुकाव उनकी तरफ दिखाई पड़ने लगा है।यदि सपा कुशल तिवारी को टिकट देती है तो भाजपा ब्राह्मण कैंडिडेट उतारने के पहले सौ बार विचार करेगी।

श्रावस्ती लोक सभा का जातीय आंकड़ा मुस्लिम 20, यादव 15, कुर्मी 20 से 25,दलित 10से12, ब्राह्मण 30 और ठाकुर 5 से सात प्रतिशत है। 2019 के चुनाव में बसपा से राम शिरोमणि वर्मा के लिए पिछड़ा बाहुल्य क्षेत्र गैंसडी और तुलसीपुर में वोटो का ध्रुवीकरण हो जाने से मिली जीत से पिछड़ी जातियों का मनोबल बढ़ा है। यद्धपि राम शिरोमणि वर्मा पांच साल क्षेत्र में कभी कभी दिखाई पड़ते थे लेकिन जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है।

2019 के चुनाव में भाजपा के दद्दन मिश्रा को अपने ही गृह जनपद तथा बलरामपुर में रिश्तेदारी होने के बाद भी अपेक्षित वोट भी नही मिला साथ ही साथ श्रावस्ती और इकौना के भाजपा नेताओं का अंदर ही अंदर विरोध का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।

### भाजपा का चुनाव पार्टी के अंदर अंतर्विरोध के वजह से प्रभावित होगा

2024 के लोकसभा चुनाव में श्रावस्ती से प्रत्याशियों की भारी भीड़ है। पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा( वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती),इकौना विधायक राम फेरन पांडे, एम एल के कालेज के प्राचार्य जे पी पांडे, नृपेंद्र मिश्रा के पुत्र साकेत मिश्र (विधान परिषद सदस्य), स्व 0अटल बिहारी बाजपेई के परिवार की अंजली मिश्रा, आई ए एस गुरु डी 0पी0बाजपेई सहित एक दर्जन से अधिक संभावित प्रत्याकी बैनर पोस्टर लगाकर अपनी अपनी दावेदारी कर क्षेत्र में दौड़ रहे है। इकौना के विधायक राम फेरन पांडे के भी लोक सभा प्रत्याशी की दौड़ में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही है। पिछले दिनों राम फेरन पांडे ने अपना जन्मदिन बलरामपुर के ब्राह्मण बाहुल्य मोहल्ला खलवा में मनाया। इस अवसर पर पूरे लोक सभा को पोस्टर और बैनर से पाट दिया गया था। सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि बलरामपुर के सदर विधायक पलटू राम का पोस्टर में फोटो लगा था।इस बात की जोरों पर चर्चा है कि पोस्टर और जन्मदिन के बहाने राम फेरन पांडे लोकसभा प्रत्याशी की दावेदारी कर रहें है।सूत्रों की मानें तो दद्दन मिश्रा के धुर विरोधी माने जाने वाले राम फेरन पांडे के साथ सदर विधायक पलटू राम की जुगल बंदी कहीं न कहीं भाजपा की आपसी कटुता का संकेत देती है।ऐसा कहा जाता है कि विधान सभा चुनाव में पलटू राम के खिलाफ एक ब्राह्मण लाबी ने सपा प्रत्याशी जग राम पासवान को समर्थन दिया था जिसका परिणाम रहा कि ब्राह्मण बाहुल्य मोहल्ला खलवा,टेढ़ी बाजार,पूरब टोला,झंझरा ,बड़े पुल बूथ से भाजपा को काफी कम वोट मिले।यदि बलरामपुर देहात ने साथ न दिया होता तो पलटू राम को हार का मुंह देखना पड़ता।इस चुनाव के बाद से भाजपा कार्यालय अटल भवन मे सब कुछ ठीक ठीक नही चल रहा है। रही सही कसर नगर पालिका चुनाव ने पूरा कर दिया।इस चुनाव में भाजपा का दो गुट आमने सामने था।भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह बच्चा शुक्ला को टिकट देने के पक्ष में थे ।उनके साथ कई दिग्गज जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता साथ खड़े थे जबकि उनके चुनाव जीतने की उम्मीद बिल्कुल नही थी।दूसरी तरफ समाजसेवी और जनता के सुखदुख में साथ खड़े रहने वाले धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू को जनता चुनाव लड़ाना चाहती थी।सूत्र बताते है कि बलरामपुर भाजपा द्वारा भेजी गई सूची में धीरू सिंह का नाम नहीं भेजा गया था।अंत में प्रदेश नेतृत्व ने उनको टिकट दिया और वह जीते। इसको लेकर भी भाजपा खेमे के बड़े ग्रुप में खींचतान चल रही है।लोगों का मानना है कि धीरू सिंह ने नगर पालिका चुनाव जीतकर और मुख्य मंत्री योगी से नजदीकियां बढ़ाकर बलरामपुर के नेताओं के सामने बड़ी लकीर खींच दी है।